उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय को मिला नैक से सर्वोच्च ए+ ग्रेड

चर्चा में क्यों?

29 दिसंबर, 2021 को उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिएशन काउंसिल (नैक) में सर्वोच्च ग्रेड ए+ मिला है।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाविद्यालय ने प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में से सबसे ज़्यादा अंक अर्जित किये हैं। यह गौरव की बात है। महाविद्यालय ने 3.48 अंक के साथ ए+ ग्रेड अर्जित किया है।
- उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश में प्रथम चरण में 55, द्वितीय चरण में 75 तथा तृतीय चरण में 80 शासकीय महाविद्यालय को नैक ग्रेड दिलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। लगभग 85 प्रतिशत पात्र शासकीय महाविद्यालय को वर्ष 2023 तक नैक ग्रेड मिल सकेगी।
- उच्च शिक्षा में सुधारों की इसी श्रृंखला में सभी महाविद्यालयों में मास्टर फैसिलिटेटर नियुक्त किये गए हैं। शासन द्वारा सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के लिये भी मदद की जा रही है।
- गौरतलब है कि नैक मूल्यांकन एसएसआर पर ही निर्धारित होता है। प्रदेश के लगभग 107 शासकीय महाविद्यालयों को अभी तक नैक ग्रेड प्राप्त हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ujjain-madhav-science-college-got-the-highest-a-grade-from-naac